लखनऊ और नयी दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर


# इलाही बक्श इंटर कालेज में मनाया गया पृथ्वी दिवस



इलाही बक्श इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग

**छात्रों को नवीनीकृत ऊर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि की दी गयी विस्तृत जानकारी**

संवाददाता। सीतापुर

संस्था कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ द्वारा ऊर्जा के संसाधन पारम्परिक/गैर पारम्परिक कार्यक्रम इलाही वक्स इंटर कालेज इटारी में प्रथ्वी दिवस पर सम्पन्न हुआ।

जिसमें बच्चों को नवीनीकृत उर्जा, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा व वायोमाप के उत्पादन के लिये उपयोग की जाने वाली प्रौघोगिक के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। जागरूक करने हेतु निबन्ध प्रतियोगिता, पेंटिंग वृक्षारोपण के कार्यक्रमों में प्रतिभागी बने। मुख्य वक्ता प्रबन्धक उसर भूमि सुधार रामप्यारे शुक्ला, प्राचार्य कमल किशोर मिश्रा, एवीएशन पर्यावरण विशेषज्ञ पीके भट्ट, दीपक शुक्ला, संस्था के अध्यक्ष आरके चौरसिया, शीतला प्रसाद, अनुज कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

दिनांक, 23/04/2016


Scanned by CamScanner

आर०एन०आई०नं० UPHIN/2008/26424

# शिप्रो न्यूज टाइम्स

वर्ष–07 अंक–29 लखनऊ, गुरुवार 28 अप्रैल 2016 (हिन्दी साप्ताहिक) पृष्ठ–8 मूल्यः 1 रूपया



## ऊर्जा संसाधन सेमिनार आयोजन कार्यक्रम सम्पन्न

लखनऊ। संस्था कर्तव्य शिला महिला एंव बाल विकास संस्थान लखनऊ द्वारा इलाही ऊर्जा के (पारम्परिक / गैर पारम्परिक) कार्यक्रम समपन्न हुआ संस्था द्वारा वक्स इण्टर कालेज इटारी सीतापुर मे विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल पर एक वर्कशाप का अयोजन किया गया जिसमे बच्चो को नवीनकीकृत ऊर्जा सौर ऊर्जा पवन ऊर्जा तथा वायोमाप के उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली प्रौद्योगिक के बारे विस्तृत रूप से बताया गया। तथा बच्चो को जागरूक करने हेतु निबन्ध प्रतियोगिता पेटिंग वृक्षारोपण के कार्यक्रमो मे प्रतिभागी बने जिसमे मुंख्य वक्ता के रूप मे राम प्यारे शुक्ला प्रबन्धक उसर ;भूमि सुधार निगम स्कूल के प्रार्चाय कमल किशोर मिश्रा पी0के0 मट्ट ;एवीएशन पर्यावरण विषेशज्ञ दीपक शुक्ला संस्था के अध्यक्ष आर0 के चौरसिया शीतला प्रसाद अनुज कुमार शुक्ल तथा श्रात्र एवं श्रात्राओ ने कार्यक्रम मे हिस्सा लिया ।

## सेलफोन डीलरों का पैसा उड़ाने वाला ठग गिरफ्तार

लखनऊ। इण्टरनेट के जरिये सेलफोन डीलरों का पैसा उड़ाने वाले एक ठग को बुधवार को पुलिस के साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। ठग के पास से चार मोबाइल सेट व सिम बरामद हुए है। गिरफ्तार ठग ने एक निजी मोबाइल कम्पनी को सात–आठ लाख रुपये का चूना लगाया है।गिरफ्तार ठग अजय कुमार यादव है। वह मुडिला–कादीपुर, सुल्तानपुर का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) शिवराम यादव ने बताया कि निजी मोबाइल कम्पनी का मुख्यालय नरही में स्थित है। मुख्यालय के अधिकारियों ने पुलिस से शिकायत की थी उनकी कम्पनी के डीएलएम मोबाइल सिम स्वाइप करके बैलेंस उड़ाया जा रहा है। बैलेंस उड़ाने वाला व्यक्ति खुद को कम्पनी का डीलर बताता है। उक्त ठग ने कुछ पैसा मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित एक बैंक में अपने एकाउण्ट में ट्रासफर किया था।

Scanned by CamScanner

amarujalanews | amarujala.com/channels/downloads/

उत्तर प्रदेश
www.amarujala.com

# अमर उजाला

हरियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर

राजधानी वर्ष 8-अंक 294 पृष्ठ : 16+4 = 20 मूल्य : ₹ 5.00

## छात्रों को पौधा लगाने को किया प्रेरित

सीतापुर। इलाही बख्स इंटर कॉलेज इटारी परसेंडी में कर्तव्यशिला महिला एवं बाल विकास संस्थान लखनऊ की ओर से पृथ्वी दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को तमाम जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर हुई प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता ऊसर भूमि सुधार निगम के प्रबंधक राम प्यारे शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य कमल किशोर मिश्र, पीके भट्ट, दीपक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

दिनांक-23/04/2016

Scanned by CamScanner

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित
पायनियर



# पर्यावरण संतुलन पर ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत



सीतापुर-प्रथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को पुरस्कृत करते शिक्षकगण पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

सरस्वती शिशु मंदिर बरसोइया में पर्यावरण संतुलन पर ड्रांइग हुई। मुख्य अतिथि जगदीश वर्मा प्रधानाचार्य जूनियर हाईस्कूल बरसोइया व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रजनीश राजवंशी रहे। संस्था कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष आर.के.

**● सरस्वती शिशु मंदिर बरसोइया में हुई प्रतियोगिता**

चौरसिया ने पर्यावरण के बारे में बताया। प्रबन्धक पत्नी रीता शुक्ला, सुशीला बाजपेयी, हरीप्रसाद, आकांक्षा मिश्रा, अरविन्द चौधरी, राजेश गुप्ता, विनय पाल व आंगनबाड़ी कार्यकत्री निर्मला मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा ने कार्यक्रम में भाग लिया। संचालन फ्लेंश बाजपेयी ने किया। अध्यक्षता वीरेन्द्र बाजपेयी ने की। विनोद कुमार यादव द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता करायी गई। विजयी प्रतिभागियों को पर एकत्र किया। मुख्य अतिथियों से वृक्षारोपण कराया गया व उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

Scanned by CamScanner

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण



## कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर : पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर बरसोइया में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जगदीश वर्मा प्रधानाचार्य जूनियर हाईस्कूल रहे। ग्राम प्रधान रजनीश राजवंशी रहे। आरके चौरसिया ने पर्यावरण के महत्व से अवगत कराया। विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। रीता शुक्ला, सुशीला बाजपेयी, हरी प्रसाद, आकांक्षा मिश्रा, अरविंद चौधरी, राजेश गुप्ता, विनय पाल आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

राष्ट्रीय स्वरूप

# पर्यावरण जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

संवाददाता

लखनऊ। इण्डियन इन्वायरमेन्ट सोसाइटी नई दिल्ली के सहयोग से कर्तव्य शिला महिला एवं बाल विकास संस्थान, लखनऊ के तत्वाधान में पर्यावरण जागरूकता शिविर का आयोजन न्यू चेतना पब्लिक जू0 हाईस्कूल सप्तम सिटी डिप्टी खेड़ा के परिसर में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार चौरसिया प्रबन्धक ने पर्यावरण जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुये कहा कि शहरी व औद्योगिक क्षेत्र की अनियोजित वृद्धि होने खेती के रकबे में गिरावट के कारण कृषि योग्य भूमि दिन–प्रतिदिन बंजर होने की ओर अग्रसर है, वृक्षों व वनस्पतियों की कमी के कारण बरसात में कमी आने से लगातार सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्राकृतिक परिवर्तन न केवल खेती के लिये अपितु लम्बे समय में मानव आस्तित्व के लिए भी खतरनाक है। शासकीय अधिवक्ता (श्रम) श्री कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि वृक्षा रोपण के प्रति जनमानस में जागरूकता की कमी है तथा वृक्षों का अन्धाधुन्ध कटान से भी हम चिन्तित है प्रत्येक व्यक्ति को पाँच पौधे लगाने चाहिए तथा पौधा का देखमाल अपने बच्चों के समान करनी चाहिए।



संस्था के अध्यक्ष श्री आर0के0 चौरसिया ने कहा कि पर्यावरण सुधार हेतु हमें वृक्षारोपण करना चाहिए संस्था द्वारा एक साइकिल रैली निकाली गयी उक्त साइकिल रैली जे0बी0 गार्डन, डिप्टी खेड़ा, आनन्दपुरम, पूर्वीदीन खेड़ा, होती हुयी विद्यालय परिसर में आकर उक्त प्रतिभागियों द्वारा 500 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। उक्त पर्यावरण जागरूकता शिविर में शकीला खानम, शाहिद बेग, वेद प्रकाश त्रिपाठी, पृथ्वी पाल, सुषमा सिंह, एच0एन0 शर्मा, ए0के0 चौरसिया, शिव शंकर, संगीता सिंह, गीता शर्मा आदि उपस्थित थे। शिविर का संचालन विनोद यादव ने किया।

Scanned by CamScanner